फर्नीचर उद्योग के निश्शुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था

जागरण संवाददाता, महराजगंज : एक जनपद एक उत्पाद योजना अंतर्गत जिला उद्योग केंद्र ने नए उद्यमियों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित कराई है। मार्च के प्रथम सप्ताह में नए उद्यमियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। लगातार 10 दिन चलने वाले प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को प्रतिदिन 200 रुपये मानदेय दिया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग गिरीश चंद्र श्रीवास्तव ने दी। उपायुक्त ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को टूल किट भी दिया जाएगा, जिससे वह फर्नीचर उद्योग का कार्य शुरू कर सके। इस प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए 25 फरवरी तक आवेदन पत्र उद्योग केंद्र में जमा करना है। आवेदन प्राप्त होने की तिथि को प्रशिक्षणार्थी की आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। टूल किट का लाभ नए उद्यमियों को दिया जाएगा। परिवार के किसी सदस्य को टूल किट प्रदान करने का लाभ एक बार ही दिया जाएगा। दो वर्ष के दौरान लाभ पाने वाले को टूल किट नहीं दिया जाएगा।

पहल

- **25 फरवरी तक उद्योग केंद्र में जमा होंगे आवेदन**
- **प्रशिक्षणार्थियों को प्रतिदिन मिलेगा 200 रुपये मानदेय**

दैनिक जागरण 19 फरवरी 2019